दौरा ▶ भारत सरकार नीति आयोग के आकांक्षी ब्लाक गोहपारू के प्रभारी ने किया भ्रमण

# सकारात्मक सोच के साथ निभायें दायित्वों की जवाबदेही : केशरवानी



**शहडोल ।** भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा जिले के गोहपारू जनपद पंचायत को आकांक्षी ब्लाक के रूप में चयनित किया गया है। नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जनपद पंचायतों में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग, बैंक तथा ग्रामीण आजीविका मिशन के पैरामीटर तय कर निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति समय-सीमा में करने का दायित्व सौंपा है।

भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा आकांक्षी ब्लाक गोहपारू के लिए अभिषेक केशरवानी को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने नीति आयोग द्वारा विभिन्न विभागों के लिए निर्धारित योजनाओं के पैरामीटर की मैदानी हकीकत की जानकारी प्राप्त करने के लिए गोहपारू जनपद पंचायत के विभिन्न ग्राम पंचायतों, आंगनवाड़ी केन्द्रों, शैक्षणिक संस्थाओं का भ्रमण किया तथा हितग्राहियों से रूबरू जानकारी प्राप्त की।

कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में आकांक्षी ब्लाक गोहपारू के प्रभारी अधिकारी अभिषेक केशरवानी ने विभिन्न विभागों की योजनाओं माध्यम से नीति आयोग द्वारा निर्धारित सूचकों एवं पैरामीटर के आधार पर विभागीय उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि मैदानी अमले द्वारा सतत रूप से सकारात्मक कार्य किया जा रहा है। आपने कहा कि जिन पैरामीटर को पूरा करने में कमी रह गई है, उसके लिए मैदानी अमला स्वयं जवाबदारी लेकर जिले की रैंक को और ऊपर लाने का कार्य करे। आपने कहा कि पैरामीटर को पूरा करने के लिए योजनाओं के क्रियान्वयन एवं तकनीकी समस्याएं आ रही हैं, उनकी जानकारी लिखित रूप में उपलब्ध करा दें जिससे उनका निराकरण कराया जा सके। आपने विभिन्न विभागों एवं योजनाओं के इंडकेटर में सतत रूप से प्रगति लाने की समझाइस दी।

### शासन की अन्य योजनाओं में भी मैदानी अमला प्रगति लाए

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कहा कि नीति आयोग द्वारा निर्धारित पैरामीटर के साथ ही शासन की अन्य योजनाओं में भी मैदानी अमला प्रगति लाने के लिए सतत रूप से कार्य करे। उन्होंने कहा कि आकांक्षी ब्लाक गोहपारू के साथ ही जिले के अन्य ब्लाको में भी जवाबदारी के साथ कार्य करके प्रगति लाई जा सकती है। कलेक्टर ने कहा कि कई इंडकेटर में अच्छा काम होने के बावजूद समय पर डाटा फीडिंग नहीं होने से परिणाम परलक्षित नहीं हो पा रहे हैं। इसका निराकरण शीघ्र ही करा लिया जाएगा। इसके साथ ही जिन पैरामीटर में अच्छा काम हुआ है, किन्तु लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाए हैं उन कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा। उन्होंने नीति आयोग के आकांक्षी ब्लाक गोहपारू के प्रभारी को मानीटरिंग एवं मार्गदर्शन देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापति सहित स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग, बैंक तथा ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला एवं ब्लाक प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।



# वन और वन्य जीव कानून पर कार्यशाला आयोजित

**शहडोल ।** आज दिनांक 20 दिसम्बर 2025 को वन्य और वन्य जीव कानून पर अभियोजन कार्यशाला संपन्न हुई। लोक अभियोजन संचालनाल भोपाल के आदेशनुसार, ओर माननीय संचालक महोदय बी एल प्रजापति सर के मार्गदर्शन में होटल विजय श्री में अभियोजन उप निदेशक श्यामलाल कोस्टा सर के अध्यक्षता में आयोजित की गई ।कार्य शाला में मुख्य अतिथि के रूप के प्रधान जिला न्यायाधीश काशी नाथ सिंह उपस्थित होकर कार्य शाला में माता सरस्वती को पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की,ओर कार्यक्रम में उद्बोधन देते हुए, वन्य जीव अधिनियम के इतिहास से लेकर आज तक के विकास को बताये ।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अपर कलेक्टर सहडोल सरोधन सिंह ने वन विभाग और राजस्व विभाग की भूमि में हो रहे विवाद और समस्या पर व्यख्यान दिए।

कार्यशाला में वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी उमरिया रविन्द्र सिंह ने वन्य जीव कानून में उच्चतमऔर उच्च न्यायालय के साइटेशन के आधार पर उपरोक्त विधि की व्याख्या किये ।कार्यशाला में दक्षिण वन मंडल के वन मण्डलाधिकारह शृद्धा पन्द्रे ने वन्य जीव क़ानून के विवेचना संबंधित प्रावधानों को केश स्टडी के माध्यम से ट्रेनिंगप्राप्त करने वाले अधिकारियों को समझाया ।उक्त कार्यशाला में सेवा निवर्त पूर्व एसडीओ वन विभाग एस पी त्रिपाठी ने भी उक्त विषय पर महत्वपूर्ण व्यख्यान दिये ।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिले के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सहित अन्य सभी न्यायिक मजिस्ट्रेट भी समिलित हुई।

# यातायात नियमों का पालन कर जागरूक नागरिक बनने का दें परिचय : पुलिस अधीक्षक

▶ यातायात पुलिस थाने में आयोजित किया गया जागरूकता अभियान कार्यक्रम



**शहडोल ।** सड़क सुरक्षा को लेकर जिला मुख्यालय स्थित यातायात थाने में यातायात जागरूकता अभियान कार्यक्रम के माध्यम से आम जन को यातायात के नियमों के पालन हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने कहा कि हम सब यातायात नियमों का पालन कर जागरूक नागरिक होने का परिचय दे सकते हैं। नियमों की अनदेखी न केवल स्वयं के लिए बल्कि दूसरों के लिए भी खतरा बन सकती है। उन्होंने समझाइश दी कि बिना ड्रायविंग लायसेंस के वाहन नहीं चलाएं वाहन चलाते समय चालक एवं सवारी भी हेलमेट का उपयोग अवश्य करें। वाहनों की पार्किंग इस प्रकार करें कि यातायात प्रभावित नहीं हो तथा दूसरों को भी असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। आपने बताया कि 01 जनवरी से यह व्यवस्था की जा रही है कि यातायात नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कोई भी व्यक्ति फोटो डाल सकता है। जिस नम्बर पर फोटो डाली जानी है उसकी जानकारी शीघ्र ही दी जाएगी।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान ने कहा कि आपका जीवन परिवार तथा समाज के लिए अमूल्य है। यातायात नियमों संकेतकों का सम्मान कर सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों को रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि दो पहिया वाहनों में हेलमेट का उपयोग, चार पहिया वाहनों में शीटबेल्ट का उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन जैसी छोटी-छोटी सावधानियों से बड़े हादसों को टाला जा सकता है। नगर पुलिस अधीक्षक राघवेन्द्र द्विवेदी ने कहा कि शासन द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर में अस्पताल में पहुंचाकर जान बचाने वाले राहवीर को 25 हजार रूपए का पुरूस्कार दिया जाता है। समय पर मदद मिलने से दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। राहवीर नागरिक जीवन रक्षक की भूमिका निभा सकते हैं।

यातायात प्रभारी संजय जायसवाल ने कहा कि नशे के हालत में वाहन नहीं चलाना चाहिए। वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग नहीं करें। रेलवे फाटक बंद होने पर रेल के निकलने का इंतजार करें। एम्बुलेंश को निकलने के लिए वाहन पासिंग अवश्य दें। वाहन नियंत्रित गति सीमा में ही चलाएं। सिगनल के संकेतकों का पालन करें, वाहनों से दूरी बनाकर रखें। ये सावधानियां अपनाकर हम सब सुखद एवं सुखमय यात्रा कर सकते हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर यातायात गीतों तथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यातायात नियमों की जानकारी देने के साथ ही नियमों के पालन करने की अपील आम नागरिकों से की गई। वीडियो फिल्म के माध्यम से यातायात पुलिस द्वारा सुरक्षित यात्रा के लिए चलाए गए जागरूकता अभियान के संबंध में अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा विभिन्न विद्यालयों महाविद्यालयों एवं सार्वजनिक जगहों में आयोजित किए गए कार्यक्रमों, वाल पेन्टिंग, चित्रकला, रंगोली प्रयितोगिता, प्रश्नोत्तरी कार्यक्रमों के विजेताओं एवं संस्थाओं को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ट्रैफिक वार्डनों को टी-शर्ट एवं कैप देकर पुलिस अधीक्षक ने सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन यातायात आरक्षक विवेकानंद तिवारी ने किया।



# कांग्रेस सेवा दल के प्रभारी व सचिव का दौरा

**जयसिंहनगर ।** जिला कांग्रेस सेवा दल शहडोल द्वारा संगठन विस्तार को लेकर जिला कांग्रेस सेवादल जिला अध्यक्ष रामसरोवर सिंह ने मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश सचिव एवं उमरिया जिले के प्रभारी सूरज प्यासी के साथ संयुक्त दौरा कार्यक्रम व व्यवहारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ब्लॉक व्यवहारी एवं उप ब्लॉक बाणसागर तथा बुढ़वा करकी एवं अन्यग्रामों का दौरा संगठन मजबूती को लेकर किया गया तथा सेक्टर मंडलम एवं बूथ स्तर में कांग्रेस पार्टी संगठन में कैसे मजबूती दिलाईजाए जिससे गांव-गांव में तथा पोलिंग स्तर में कांग्रेस का हर एक सिपाही कार्यकर्ता मजबूती के साथ कांग्रेस पार्टी के रीति और नीति के साथ आम जनमानस केबीच पहुंच कर कांग्रेस पार्टी केसंगठन को मजबूती दिलाया जा सके ।इसी उद्देश्यको लेकर कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश सचिव सूरज पयासी एवं कांग्रेस सेवा दल के जिला अध्यक्ष रामसरोवर सिंह ने कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचकर उनसे चर्चा करते हुए बताएं की कांग्रेस को किस तरह से गांव-गांव एवं मोहल्लेमोहल्ले मैं मजबूत किया जा सके ।

# जयसिंहनगर में स्वच्छ भारत मिशन 2 .0 का भूमि पूजन समारोह

▶ नगर परिषद के नेतृत्व में शहर को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल



**जयसिंहनगर।** नगर परिषद जयसिंहनगर ने शहर में विकास और हरित भविष्य की दिशा में शनिवार को एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पानी टंकी, फूलमती रोड पर अमृत 2.0 और स्वच्छ भारत मिशन 2.0 परियोजनाओं का भव्य भूमि पूजन किया। इस अवसर पर अमृत 2.0 के तहत शहर में हरित क्षेत्र विकास परियोजना के अंतर्गत पार्क निर्माण का भूमि पूजन किया गया, जिसकी अनुमानित लागत 25 लाख रुपए है। इसके अलावा, स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत स्वीकृत उपयोगित जल प्रबंधन परियोजना (एस.टी.पी.) का भी भूमि पूजन हुआ, जिसकी लागत 2.32 करोड़ रुपए है।

**नगर परिषद की अध्यक्ष ने जताई प्रतिबद्धता-** भव्य समारोह में मुख्य अतिथि मनीषा सिंह ने नगर परिषद के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ये परियोजनाएँ शहरवासियों के लिए स्वच्छ जल और हरित क्षेत्र उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाएंगी। विशिष्ट अतिथि अमिता चपरा ने भी नगर परिषद की जनता कल्याण और समर्पण को तारीफ के पात्र बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद जयसिंहनगर की अध्यक्ष सुशीला चक्रधारी शुक्ला ने की। उन्होंने कहा कि यह भूमि पूजन केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि नगर परिषद की जनता कल्याण और शहर के सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने आश्वासन दिया कि ये परियोजनाएँ शहरवासियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने और जस्वच्छ, हरित एवं समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। कार्यक्रम में नगर परिषद उपाध्यक्ष सम्पत कुमार मिश्रा, पार्षदगण, राजस्व विभाग के कर्मचारी, थाना स्टाफ और शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन मुख्य नगर पालिका अधिकारी निशान्त सिंह ठाकुर के निर्देशन में संपन्न हुआ।

# बास्केटबाल स्पर्धा के परिणाम घोषित



**शहडोल।** शहडोल में 23 दिसम्बर तक आयोजित की जा रही राष्ट्रीय बास्केट बाल प्रतियोगिता के लिए 4 बास्केट बाल मैदान निर्धारित किये गए है जिसमें शहडोल के महात्मा गांधी स्टेडियम, गुड शेफर्ड कान्वेंट स्कूल, डाइट परिसर, शासकीय कन्या महाविद्यालय के मैदान परिसर शामिल हैं। बास्केटबाल प्रतियोगिता अंतर्गत आज प्रात:7 बजे से महात्मा गांधी स्टेडियम में दिल्ली वर्सेस चंडीगढ़ की टीम विजय, विद्या भारती वर्सेस मध्यप्रदेश जिसमें मध्य प्रदेश की टीम विजय, मेघालय वर्सेस गुजरात की टीम विजय, आंध्रप्रदेश वर्सेस केंद्रीय विद्यालय की टीम विजय, आईपीएससी वर्सेस केबीएसई की टीम विजय, गुड शेफर्ड मैदान में आईबीएसई की टीम विजय, एनव्हीएस वर्सेस झारखंड की टीम विजय, पश्चिम बंगाल वर्सेस आंध्रप्रदेश की टीम विजय, केरल वर्सेस उत्तरप्रदेश जिसमें केरल की टीम विजय, तमिलनाडु वर्सेस राजस्थान जिसमें तमिलनाडु की टीम विजय, बीटीआई परिसर में प्रात: 7 बजे से महाराष्ट्र वर्सेस पंजाब जिसमें महाराष्ट्र की टीम विजय, तेलगाना वर्सेस सीआईएससीई जिसमें तेलंगाना की टीम विजय, जम्मू कश्मीर वर्सेस बिहार जिसमें बिहार की टीम विजय, कर्नाटक वर्सेस उत्तराखंड जिसमें कर्नाटक की टीम विजय,दोपहर 3 बजे से महात्मा गांधी स्टेडियम में महाराष्ट्र वर्सेस सीआईएससीई जिसमें महाराष्ट्र की टीमविजय, बीटीआई परिसर में केरल वर्सेस आंधप्रदेश जिसमें केरल की टीम विजय हुई।



# शहडोल ने जबलपुर को 145 रन से हराया

**शहडोल।** मप्र क्रिकेट तथा शहडोल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित एमएम जगदाले ट्रॉफी अंडर-15 बालक वर्ग के चौथे राउंड का मुकाबला शहडोल और जबलपुर के बीच एमपीसीए ग्राउंड, शहडोल में खेला गया। तीन दिवसीय इस मुकाबले में शहडोल की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जबलपुर को पारी एवं 145 रनों से करारी शिकस्त दी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी जबलपुर की टीम अपनी पहली पारी में मात्र 72 रन पर सिमट गई। शहडोल की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए दीपेश ने 5 विकेट जबकि आदर्श ने 4 विकेट झटके। इसके बाद शहडोल ने पहली पारी में दमदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन कर 9 विकेट पर 329 रन बनाकर पारी घोषित की। शहडोल के लिए देवांश सोनी ने शानदार 194 रनों की यादगार पारी खेली। दबाव में आई जबलपुर की टीम दूसरी पारी में 112 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। इस तरह शहडोल की टीम ने मुकाबला पारी एवं 145 रनों से जीत लिया।

# हार्टफुलनेस संस्था का विश्व ध्यान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**शहडोल ।** हार्टफुलनेस संस्था द्वारा 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस के आयोजन के सम्बंध में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। हार्टफलनेस संस्था की जिला समन्वयक नेकहा कि अधिक से अधिक लोग इस वैश्विक ध्यान अभियान से जुड़ें और इसके लाभ प्राप्त करें।

उन्होंने बताया कि यह ध्यान कार्यक्रम पूरी तरह से नि:शुल्क है। इसका उद्देश्य लोगों के जीवन में आंतरिक शांति, मानसिक संतुलन, प्रेम, करुणा एवं भाईचारे की भावना को बढ़ावा देना है। यह अभियान समाज में सकारात्मक सोच और सौहार्दपूर्ण वातावरण के निर्माण की दिशा में एक सार्थक प्रयास है ।आम नागरिकों से अपील की गई कि वे 21 दिसंबर को आयोजित इस विशेष ध्यान कार्यक्रम में अवश्य भाग लें और अपने परिवारजनों एवं मित्रों को भी साथ लाएँ। इस कार्यक्रम से जुड़ने एवं पंजीकरण करने के लिए लोग नीचे दिए गए लिंक के माध्यम से भी जुड़ सकते हैं। 21 दिसम्बर, 2025 को विश्व भर से 10 लाख से अधिक लोग 20 मिनट के लिए एक साथ ध्यान सत्र में शामिल होंगे। दाजी द्वारा निर्देशित हृदय आधारित ध्यान के माध्यम से स्वयं के भीतर उतरने का प्रयास करेंगे। जब सभी हृदय एक समान इरादे के साथ एक साथ आते हैं, तो कुछ गहन उभर कर सामने आता है।


एन बी सी सी NBCC A Navratna CPSE | ASPIRE

मानीय उच्चतम न्यायालय की निगरानी वाली आवास परियोजना लर्नेड कोर्ट रिसीवर के माध्यम से

**एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड** द्वारा निष्पादित

ई-नीलामी के माध्यम से मालसूची की थोक बिक्री



**एस्पायर सिलिकॉन सिटी**
फेज़-IV, सेक्टर-76, नोएडा, उत्तर प्रदेश
मालसूची - आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
स्पेक्ट्रम मॉल, नोएडा के पास और निकटतम मेट्रो स्टेशन नोएडा सेक्टर-50 (एक्वा लाइन) एवं सेक्टर-76 मेट्रो हैं तथा आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 25 मिनट



**एस्पायर लेज़र पार्क**
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 30 मिनट



**एस्पायर लेज़र वैली**
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
मालसूची आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी. एच. के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 35 मिनट



**एस्पायर सेंचुरियन पार्क**
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 30 मिनट

ई.एम.डी. जमा करने की अंतिम तिथि: 27.12.2025
ई-नीलामी 29.12.2025 को आयोजित की जाएगी
ई.एम.डी. राशि 9.70 करोड़ रु. से 20.90 करोड़ रु. तक
7 पैकेज जिनका मूल्य 485 करोड़ रु. से 1,045 करोड़ रु. तक है

कृपया अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट देखें:
**www.nbccindia.in I www.receiveramrapali.in**
**या कॉल करें : 9772907414**

कृपया ई-नीलामी दस्तावेज के लिए क्यूआर स्कैन करें: